एक पालतू जानवर
की तलाश
एडवर्ड रिक्कीयूटीक
चित्र : टॉम ईटन

एक पालतू जानवर की तलाश

एडवर्ड रिक्कीयूटीक

चित्र : टॉम ईटन

"ज़रा देखें उस टूटे पंख वाली उस चिड़िया को,"

एलन ने अपने पिता से कहा.

चिड़िया ने मैदान में ज़ोर से पुकारा.

फिर वो ऊंची घास में लुढ़क गई.

"चलें, उस पक्षी को पकड़ें," एलन ने कहा.

"हम उसे पालतू जानवर जैसे घर में पाल सकते हैं."

"मैं शर्त लगाता हूं कि तुम उसे नहीं पकड़ पाओगे," एलन के पिता ने कहा.

एलन ऊंची घास में भागकर गया.

चिड़िया उससे दूर चली गई.

वो एक नाले के पास की झाड़ियों में चली गई.

एलन उसके पीछे-पीछे दौड़ा.

"वो मेरे पास है!" वो चिल्लाया.

वो चिड़िया की ओर लपका,

लेकिन वो उड़ गई.

"किल-डी, किल-डी," चिड़िया चिल्लाई.

एलन ने चिड़िया के प्रत्येक भूरे पंख पर

एक सफेद पट्टी देखी.

"किल-डी, किल-डी," चिड़िया चिल्लाई.

"वो चिड़िया बड़ी तेजी से भाग गई,"

एलन ने कहा.

"शायद वो चिड़िया ज़ख़्मी नहीं थी,"
उसके पिता ने कहा.
"उसने तुम्हें बेवकूफ बनाया.
शायद घास में उस चिड़िया के बच्चे होंगे.
इसलिए उसने ज़ख़्मी होने का अभिनय
किया और तुम्हें अपने बच्चों से दूर ले गई.
इस तरह चिड़िए अपने बच्चों की रक्षा करने
की कोशिश करती हैं," उसके पिता ने कहा.
"इस चिड़िया का नाम किलडिअर है.
वो खेतों और चरागाहों में रहती है."

"किल-डी. किल-डी!" एलन चिल्लाया.
वो अपनी बाँहों को फड़फड़ाते हुए
पूरे मैदान में दौड़ा.
एलन और उसके पिता वहां
तफरी करने गए थे.
वे झरने के निकट एक ताल के पास आए.
एलन ने अपनी छड़ी पानी में डुबो दी.
एक छोटी ट्राउट मछली तैरकर
दूर चली गई .

एलन और उसके पिता पत्थर
की एक पुरानी दीवार पर चढ़े.
अब वे जंगल में थे.

एक चिपमंक (बड़ी गिलहरी) उनके रास्ते
में आया और झाड़ियों में भाग गया.
एलन उसके पीछे-पीछे दौड़ा.
उसने बड़े ध्यान से झाड़ियों को एक तरफ हटाया.
फिर उसने जो देखा उस पर उसे यकीन नहीं हुआ.

एक नन्हा हिरन का बच्चा जमीन पर पड़ा था.
वो इतना करीब था कि एलन उसे लगभग छू सकता था.
हिरन के बच्चे की बड़ी-बड़ी काली आँखें थीं.
उसकी भूरी चमड़ी पर सफेद रंग के धब्बे थे.
उसके धब्बे, पत्तों पर धूप की तरह लग रहे थे.
हिरन का बच्चा एकदम स्थिर रहा.

"इसे मत छुओ," एलन के पिता ने धीरे से कहा.
"वो अभी कुछ ही दिन पहले ही जन्मा है."
"चलें, इसे घर ले चलते हैं," एलन ने कहा.
"वो हिरन के बच्चे के लिए अच्छा नहीं होगा," उसके पिता ने कहा.
"इसका घर यहाँ जंगल है."

फिर वे चुपचाप वहां से हट गए.

"काश, हिरन का बच्चा हमारे साथ रह पाता," एलन ने कहा.

"हिरन का बच्चा एक जंगली जानवर है," उसके पिता ने कहा. "अधिकांश जंगली जानवर अच्छे पालतू जानवर नहीं बनते हैं."

"लेकिन वो हिरन का बच्चा खो गया था," एलन ने कहा.

"नहीं," उसके पिता ने कहा.

"वो वहां छिपा हुआ था. जब हिरन का बच्चा बहुत छोटा होता है, तब जब उसकी माँ खाती है तो बच्चा छिप जाता है. वहां हिरन का बच्चा सुरक्षित है क्योंकि यहाँ अन्य जानवर उसे सूंघ नहीं सकते हैं.

जब हिरन के बच्चे की माँ वापिस आएगी,
तब वो माँ का दूध पिएगा."
एलन के पिता ने समझाया कि हिरन के बच्चे
को अपनी मां के दूध की जरूरत होती है.
अन्य जानवरों का दूध हिरन के बच्चे
के लिए सही नहीं होगा.
इसलिए हिरन के बच्चे को अपनी मां
के साथ ही रहना चाहिए.

"क्या भूख लगी है?" एलन के पिता ने पूछा.
एलन ने अपनी सैंडविच खाने
के लिए पूरी सुबह इंतजार किया था
उसके पास एक उबला हुआ अंडा भी.
वे एक पुराने देवदार के लट्ठे पर बैठे
और उन्होंने खाना खाया.
लंच के बाद एलन ने पैकिंग के कागज़ उठाए.
उसने उन्हें अपने बैग में रख लिया.

जैसे ही वो चला, एलन ने किलडिअर

और हिरन के बच्चे के बारे में सोचा.

उसे एक पालतू जानवर चाहिए था.

जल्द ही वे वापस नाले के पास थे

जहां किलडिअर रहते थे.

तभी एक किलडिअर वहां से उड़ा.

"किल-डी, किल-डी," वो चिल्लाया.

वो घास में इधर-उधर फुदका,

उसने अपने पंख फड़फड़ाए.

लेकिन इस बार किलडिअर ने

एलन को बेवकूफ नहीं बनाया.

उसने एक और किलडिअर देखा.

उसने अपना सिर नीचे रखा

और घास में से भाग गया.

उसके साथ दो छोटे-छोटे

रोयेंदार चूज़े भी थे.

उन्हें दो छोटे किलडिअर मिले.

छोटे किलडिअर सूखे पत्तों के
बीच चपटे होकर लेट गए.

वे बहुत स्थिर रहे, ठीक वैसे ही
जैसे हिरन के बच्चे ने किया था.

"आप उनके पास से गुज़र सकते हैं और फिर
भी उन्हें नहीं देख सकते हैं," एलन ने कहा.

वे युवा किलडिअर थे.

युवा किलडिअर घास में छिप गए.

अब दोनों बड़े पक्षियों ने एलन और उसके
पिता को मूर्ख बनाने की कोशिश की.

लेकिन उन्हें सूखे पत्तों में खोजना
मुश्किल था.

दो बड़े पक्षी घास में से उड़ गए.

"छोटे पक्षी खुद को गर्म रखने के लिए बड़े पक्षियों के नीचे छिप जाते हैं," उसके पिता ने कहा.

घर के रास्ते में एलन ने अपने पिता को एक बंदर के बारे में बताया. उसने उसे एक पालतू जानवरों की दुकान में देखा था.

"मैं पालतू किलडिअर नहीं रख सकता. मैं पालतू हिरन का बच्चा भी नहीं रख सकता. पर क्या मैं एक पालतू बंदर रख सकता हूँ?" एलन ने पूछा.

"बंदर अच्छे पालतू जानवर नहीं होते हैं,"
उसके पिता ने कहा.

"ऐसा क्यों?" एलन ने पूछा.

"तुम्हारे प्रश्न का जवाब देना कठिन है,"
उसके पिता ने कहा.

"लेकिन जब तुम एक-साथ रहने वाले
बंदरों के झुंड को देखोगे,
तो तुम खुद ही समझ जाओगे."
"मैं बंदरों का झुंड कहाँ देख सकता हूँ?"
एलन ने पूछा.

"चिड़ियाघर में," उसके पिता ने कहा.

"मैं एक आदमी को जानता हूं
जो चिड़ियाघर में काम करता है.
उनका नाम मिस्टर फिशर है.
मैं कल तुम्हें उनसे मिलवाने ले जाऊँगा."
अगले दिन वे चिड़ियाघर गए.

सबसे पहले मिस्टर फिशर, एलन को छोटे बंदरों से भरे एक पिंजरे में ले गए. वे इतनी तेज़ी से इधर-उधर कूद रहे थे कि एलन उनकी गिनती तक नहीं कर सका.

बड़े गुलाबी कानों वाला एक बंदर एक शाखा पर बैठा था.
उसने दोनों हाथों से एक संतरा अपने मुँह में भर लिया.

फिर उसने संतरे का छिलका फर्श पर फेंक दिया.
एलन ने पूरे फर्श पर संतरे के छिलके पड़े देखे.

एक बंदर का बच्चा अपनी माँ के पास

एक शाखा पर बैठा था.

बच्चा अपनी माँ का दूध पी रहा था.

बंदर की माँ ने एलन की ओर देखा

और फिर अपनी बाँह बच्चे के चारों ओर लपेटी.

अगले पिंजरे के बंदर और भी छोटे थे.

पिता, माता और दो छोटे बच्चों के चेहरे

बर्फ की तरह सफेद थे.

उनके चेहरे के चारों ओर

लंबे काले बाल उग आए थे.

उनकी पूंछ लंबी और झबरीली थी.

छोटे बंदर एक साथ झुंड में थे.

हर बार जब एलन थोड़ा भी हिलता,

तो बंदर उसे घूरते थे.

"अधिकांश बंदर परिवारों में रहते हैं,"

मिस्टर फिशर ने कहा.

"उनकी माँयें छोटे बंदरों की देखभाल करती हैं.

लेकिन इस प्रजाति के बंदर परिवार में,

पिता भी मदद करते हैं."

फिर बन्दर का एक बच्चा अपने

पिता की पीठ पर चढ़ गया.

उसने खुद को पिता के लंबे फर में छिपा लिया.

उसकी लंबी पूँछ हवा में मुड़ी हुई थी.

उसे देखकर एलन हँसा.

"अब ऐसा लगता है जैसे पिता बन्दर

की दो पूंछे हों," उसने कहा.

एलन ने कुछ देर छोटे बंदरों को देखा.

"क्या इन छोटे बंदरों में से कोई एक अच्छा पालतू बना सकता है?" उसने मिस्टर फिशर से पूछा.

"वो काम आपके लिए और बंदर के लिए बहुत कठिन होगा," मिस्टर फिशर ने कहा.

"बंदरों को एक-दूसरे की वैसे ही जरूरत होती है जैसे लोगों को एक-दूसरे की जरूरत होती है. एक बंदर के लिए दूसरे बंदरों के बिना रहना बहुत दुश्वार होगा.

और क्या तुमने यहाँ की गंध सूंघी?"

एलन ने अपनी नाक बिचकाई.

"हाँ," उसने कहा. "मेने गंध सूंघी."

"देखो," मिस्टर फिशर ने कहा, "तुम्हरे घर में भी इसी तरह की बदबू आएगी. हाँ, इन छोटे बंदरों को गर्म रहने के लिए घर के अंदर ही रहना होगा."

एलन ने संतरे के छिलकों के ढेर
और बदबू के बारे में सोचा.
"मुझे नहीं लगता कि मेरी माँ को
घर में एक बंदर पसंद आएगा," उसने कहा.

"क्या कोई ऐसे बंदर हैं
जिन्हें हम घर के बाहर रख सकते हैं?"
"हाँ, चलो चिड़ियाघर के मंकी आइलैंड को देखें,"
मिस्टर फिशर ने कहा.
"उस टापू को बड़े बंदरों के लिए ही बनाया
गया है जिससे वे बाहर रह सकें."

टापू बंदरों से भरा था.

बंदर चट्टानों के ऊपर बैठे थे.

वे चट्टानों के ऊपर और नीचे भाग रहे थे.

वे चट्टानों के छेदों में से बाहर निकल रहे थे.

एलन ने देखा कि एक युवा बंदर
ने पानी में से हरे पत्ते का एक टुकड़ा उठाया.

एक बड़ा बूढ़ा बंदर उसके पास से गुजरा.

युवा बन्दर, बूढ़े बंदर पर चिल्लाया.

बूढ़ा बंदर उस पर कूद पड़ा,

और युवा बन्दर पानी में गिर गया.

दो युवा बंदरों ने एक-दूसरे का पीछा किया

और फिर वे एक पेड़ पर चढ़ गए.

वहां वे कुश्ती करने लगे.

एक बड़ा बंदर सेब लेने ले लिए आया.

बाकी बंदर वहां से चले गए.

"वो बन्दर इस टापू पर बाकी सभी बंदरों
का बॉस है," मिस्टर फिशर ने कहा.

"उसके कितने बड़े-बड़े दांत हैं!" एलन ने कहा.

"और वो काटता भी है," मिस्टर फिशर ने कहा.

फिर बंदर ने अपना मुंह फैलाया.

"वो बन्दर एक अच्छा पालतू जानवर
कभी नहीं बनेगा," एलन ने कहा.

मिस्टर फिशर एलन को चिड़ियाघर
की नर्स से मिलवाने ले गए.

उसके कंधे पर एक युवा रैकून बैठा था.

"क्या वो आपका पालतू है?" एलन ने पूछा.

"नहीं, मैं बस उसकी देखभाल कर रही हूँ,"
नर्स ने कहा.

"क्योंकि उसकी माँ बीमार है."

"आपका काम काफी मजेदार लगता है,"

एलन ने कहा.

"हाँ," नर्स ने कहा.

"लेकिन वो काम काफी मुश्किल भी है."

रैकून, नर्स की बांह के नीचे भाग गया.

"उफ़!" उसने कहा.

"देखो, उसने मेरा स्वेटर फाड़ दिया."

रैकून दौड़कर एलन के पास गया

और फिर उसके पैर पर चढ़ गया.

"अरे, वह मेरी कमीज़ खाने की कोशिश कर रहा है!" एलन चिल्लाया.

फिर चिड़ियाघर की नर्स ने रैकून को पकड़कर फर्श पर लिटा दिया.

"अब उसके पास आपके पेपर क्लिप का डिब्बा है!" एलन ने कहा.

"तुम समझ सकते हो." चिड़ियाघर की नर्स ने कहा, "मुझे उसकी हर समय निगरानी रखनी पड़ती है.

रात में मैं उसे अपने घर ले जाती हूँ,"
नर्स ने एलन से कहा.
"जब मैं सो रही होती हूं तो वो मेरे बाल
खींचता है और मुझे जगाता है.

उसे अकेले रहना बिल्कुल पसंद नहीं है."
"तब मैं रैकून को एक पालतू जानवर
जैसे नहीं रख सकता हूँ," एलन ने कहा.
"क्योंकि मैं पूरे दिन स्कूल में रहता हूँ."

उसके बाद. मिस्टर फिशर ने एलन को
हिरन का चारागाह दिखाया.
वो एलन के आँगन से भी बड़ा था –
स्कूल के खेल मैदान से भी बड़ा.

उसके चारों ओर एक बहुत ऊँची बाड़ थी.
"हिरन मेरे सिर के ऊपर से भी कूद सकते हैं,"
मिस्टर फिशर ने कहा.

धब्बों वाले हिरणों को देखकर एलन को
जंगल में दिखे हिरन के बच्चे की याद आई.
वो अभी माँ का दूध पी रहा था.
"सभी हिरणों के सींग क्यों नहीं होते?"
एलन से पूछा.

"केवल बक-हिरणों के ही सींग होते हैं,"
मिस्टर फिशर ने कहा.
"बक-हिरन क्या होते हैं?" एलन ने पूछा.

"वे नर होते हैं," मिस्टर फिशर ने कहा.

"वे साल में एक बार ही अपने सींग गिराते हैं.

अब बक-हिरन अपने नए सींग बढ़ा रहे हैं.

उनके सींग बहुत नुकीले होते हैं," मिस्टर फिशर ने कहा.

"कभी-कभी हिरन अपने सींग और खुरों के साथ लड़ते भी हैं.

यहां तक कि उनके बच्चों के भी नुकीले खुर होते हैं."

एलन ने हिरन की ओर देखा.

"मुझे लगता है कि हिरन अच्छे पालतू जानवर नहीं बनेंगे," उसने कहा.

"चिड़ियाघर के जानवर वास्तव में पालतू जानवर नहीं हैं," मिस्टर फिशर ने कहा.

"चिड़ियाघर के रखवाले अपने जंगली जानवरों की देखभाल के लिए कड़ी मेहनत करते हैं. जानवरों को वैसी जगहों पर ही रहना चाहिए जो उनके जंगली घरों की तरह ही हों. उन्हें सही भोजन भी चाहिए होता है."

"क्या कोई जंगली जानवर अच्छा पालतू जानवर बनसकेगा?“ एलन ने पूछा.

"ज़रूर," मिस्टर फिशर ने कहा,

"लेकिन तुम्हारे पास उसकी देखभाल करने का समय होना चाहिए.

इस हैम्स्टर के बारे में तुम क्या सोचते हो?

क्या तुम जानते हो कि जंगली हैम्स्टर खुद के लिए गहरी सुरंग खोदते हैं?

तुम इस तरह के सालामैंडर (एक प्रकार की मछली) को भी रख सकते हो.

उसे एक चट्टान, कुछ पौधों, पानी के साथ एक मछलीघर की आवश्यकता होगी.

फिर तुम एक मेंढक, सांप, या पालतू झींगुर भी रख सकते हो."

"एक झींगुर ?" एलन ने कहा.

"हाँ," मिस्टर फिशर ने कहा.

"जापान में बच्चे उन्हें पिंजरों में रखते हैं."

चिड़ियाघर में उन्होंने पूरा दिन बिताया था.

एलन ने मिस्टर फिशर को धन्यवाद दिया
और अपने पिता के साथ घर की ओर चला.

"मुझे लगता है कि अब तुम्हारे लिए एक पालतू
जानवर रखने का समय आ गया है," एलन के
पिता ने कहा.

"और मैं कुछ ऐसे जानवरों को जानता हूं
जो पालतू जानवर हो सकते हैं.
उनमें कुछ छोटे होते हैं.
और कुछ बड़े होते हैं.
वे सभी रंगों और आकारों में आते हैं.
तुम उन्हें कुछ करतब भी सिखा सकते हो."

"आपके वर्णन से वे जानवर मुझे बहुत
अच्छे लग रहे हैं," एलन ने कहा.
"वे क्या हैं?"

उसके पिता हँसे.

"कुत्ते और बिल्लियां," उन्होंने कहा.